Monthly

मासिक

August 2019

स्मार्ट सिटी वाराणसी
अलौकिक · आध्यात्मिक · आधुनिक

नगर निगम, वाराणसी

E-news letter

विश्व पर्यावरण दिवस पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हेतु पूरे विश्व में मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र ने पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक और सामाजिक जागृति लाने हेतु वर्ष 1972 में की थी। इसे 5 जून से 16 जून तक संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा आयोजित विश्व पर्यावरण सम्मेलन में चर्चा के बाद शुरू किया गया था। 5 जून 1974 को पहला विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। 972 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा मानव पर्यावरण विषय पर संयुक्त राष्ट्र महासभा का आयोजन किया गया था। इसी चर्चा के दौरान विश्व पर्यावरण दिवस का सुझाव भी दिया गया और इसके दो साल बाद , 5 जून 1974 से इसे मनाना भी शुरू कर दिया गया। 1987 में इसके केंद्र को बदलते रहने का सुझाव सामने आया और उसके बाद से ही इसके आयोजन के लिए अलग अलग देशों को चुना जाता है।

इसमें हर साल 143 से अधिक देश हिस्सा लेते हैं और इसमें कई सरकारी , सामाजिक और व्यावसायिक लोग पर्यावरण की सुरक्षा, समस्या आदि विषय पर बात करते हैं।

विश्व पर्यावरण दिवस को मनाने के लिए कवि अभय कुमार ने धरती पर एक गान लिखा था, जिसे 2013 में नई दिल्ली में पर्यावरण दिवस के दिन भारतीय सांस्कृतिक परिषद में आयोजित एक समारोह में भारत के तत्कालीन केंद्रीय मंत्रियों , कपिल सिब्बल और शशि थरूर ने इस गाने को पेश किया।

मुख्य संरक्षक

श्रीमती मृदुला जायसवाल,
मा0 महापौर

मुख्य संपादक

श्री आशुतोष कुमार द्विवेदी
नगर आयुक्त

संपादक

श्री सुमित कुमार
अपर नगर आयुक्त

संकलन

श्री संदीप श्रीवास्तव
कोआर्डिनेटर, कम्प्यूटर सेल

कम्प्यूटर डिजाईन

टीम, कम्प्यूटर सेल

नगर निगम वाराणसी
सिगरा शहीद उद्यान के सामने वाराणसी 221010
Email- nagarnigamvns@gmail.com
Website-www.nnvns.org
Phone- 0542 222 1 711
Fax- 0542 222 1 702
Control Room Toll Free- 155304
0542- 2221709 / 0542-2221999

नगर निगम क्षेत्र में प्रवर्तनदल, सेनेटरी इन्स्पेक्टर, नगर स्वा0 अधिकारी के द्वारा प्रतिदिन प्रातः 07:00 बजे से सफाई एवं प्लास्टिक के सम्बन्ध में विशेष अभियान चलाया जाता है, जिसमें चालान बुक के माध्यम से प्रशासनिक शुल्क वसूला जाता है।





नगर निगम के समस्त 90 वार्डो में उच्चाधिकारियों तथा पर्वतन दल के साथ पालीथीन/सफाई के विरूद्ध प्रतिदिन अभियान चलाकर कार्यवाही की जाती है जिसमें पालीथीन तथा अन्य प्लास्टिक सामग्री पाये जाने चालान बुक के माध्यम से जुमाने तथा चालान की कार्यवाही की जाती है। माह जुलाई में पालीथीन/सफाई अभियान के दौरान जब्त की गयी प्लास्टिक/अन्य सामग्री तथा जुर्माने का विवरण निम्नवत है–

क्र0 सं0	माह	प्लास्टिक	प्लास्टिक ग्लास, प्लेस थर्माकोट अन्य सामग्री	वसूली गयी जुर्माने की धनराशि
1	जुलाई, 2019	125.19	0	263250.00
2	जुलाई 2018 से जुलाई 2019 तक	**4137.02**	**37410.00**	**1798336.00**

अवैध निर्माण/अतिक्रमण

अतिक्रमण हटवाने के सम्बन्ध में नगर निगम निम्नवत कार्यवाही की गयी–

1. सर्वप्रथम वाराणसी शहर नगर निगम क्षेत्र में यातायात के सुगम व्यवस्था हेतु नगर निगम के विभिन्न क्षेत्रों से बराबर सचल दस्ता द्वारा लाउडस्पीकर के माध्यम से सुबह शाम सूचना का प्रचार–प्रसारण किया जाता है। उसके उपरान्त प्रभारी अधिकारी के नेतृत्व में अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाया जाता है।
2. विवादित अतिक्रमण हटवाने हेतु सम्बन्धित थाने के थानाध्यक्ष (पुलिस बल सहित) मजिस्ट्रेट एवं पी0ए0सी0 फोर्स के साथ अभियान चलाया जाता है।
3. अतिक्रमण जो शिकायती होते हैं उन शिकायतों के आधार पर मौके का निरीक्षण कराकर अतिक्रमण को हटवाया जाता है।
4. नगर आयुक्त महोदय के आदेश के अनुपालन में समस्त जोनल अधिकारियों की टीम गठित कर अपने–अपने क्षेत्रों से तिथिवार अभियान चलाकर अतिक्रमण को हटवाया जाता हैं।
5. समय–समय पर जिला प्रशासन के आदेशों/निर्देशों के अनुपालन में पुलिस प्रशासन, वी0डी0ए0 व पी0डब्ल्यू0डी0 नगर निगम द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाकर स्थायी (सड़क की पटरी पर पक्का निर्माण, चबूतरा, दीवार, चहार दिवारी नाले के उपर रैम्प) एवं अस्थायी (गोमती ठेला, छाजन भट्ठी इत्यादि) अतिक्रमणों को हटवाया जान, साथ ही साथ कार्ययोजना के तहत हटवाये गये अतिक्रमणों के सम्बन्ध में संबंधित थाने को पुनः उक्त स्थल पर अतिक्रमण न होने पाये के संबंध में अवगत कराना इत्यादि।
6. शहर जाम की समस्या से निजात पाने हेतु समय–समय पर यातायात पुलिस, जिला–प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के साथ संयुक्त रूप से टीम बनाकर शहर के मुख्य मार्गों से अवैध पार्किंग, अवैध वेंडरों को हटवाकर जाम से शहर को मुक्त कराया जाताह ै एवं उपरोक्त स्थल से ध्वनि विस्तारण यन्त्र द्वारा पुनः अतिक्रमण न करने हेतु उद्घोष कराय जाता है।
7. शहर में बढ़ते हुए अतिक्रमण की समस्याओं को देखते हुए शासन द्वारा वाराणसी नगर निगम मे ंप्रवर्तन दल (अतिक्रमण) का भी गठन किया गया है, जिसके द्वारा प्रतिदिन अतिक्रमण अभियान चलाया जा रहा है एवं साथ ही साथ जुर्माने की धनराशि भी वसूल की जा रही है, जिसके अन्तर्गत प्लास्टिक पर रोक लगाने के साथ गंदगी जैसी समस्याओं पर भी रोक लगाने की कार्यवाही भी की जा रही है।

अतिक्रमण की कार्यवाही

क्र0 सं0	आलोच्य माह में प्रगति				वित्तीय वर्ष में आलोच्य माह तक क्रमिक प्रगति			
	स्थायी अतिक्रमण	अस्थायी अतिक्रमण	कुल	क्षतिपूर्ति वसूली	स्थायी अतिक्रमण	अस्थायी अतिक्रमण	कुल	क्षतिपूर्ति वसूली
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	02	120	122	182000	160	1147	1307	232000

दिनांक 01.07.2019 दैनिक जागरण पेज नं0 5

कब्जा कर 2.5 लाख माह वसूली का अंत

एक व्यक्ति अवैध दुकानें बना 35 वर्ष से कर रहा था वसूली, नगर निगम ने तोड़ी दुकानें

अधिशासी अधिकारी तोड़ा गया सरकारी भूमि पर पक्का दुकान।

अतिक्रमण दस्ते के साथ अधिशासी अधिकारी।

अतिक्रमण

- **नगर निगम ने ईस्टआउटर हास्पिटल के अवैध निर्माण ध्वस्त**
- **कब्जा करने वाला दो किलोमीटर का अंतरे, इस काम की रही तैयारी**

सीएम के संज्ञान के बाद हुई कार्रवाई

जिस प्रकार से मकान व दुकान ध्वस्त हुए उसकी सभी ने सराहना की। लोगों का कहना था कि अवैध कब्जा करने वालों से हॉस्पिटल की विभीषिका का अंदेशा पीएम के कहे मुताबिक है। उनके संज्ञान में मामला है इसलिए किसी को नहीं छोड़ा जाएगा।

दूसरी पटरी अपने आप हो गई खाली

अवैध कब्जा हटाने पहुंचे दस्ते को देख कर दूसरी पटरी पर डेरा डालने वालों के सामने संकट खड़ा हो गया। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि हॉस्पिटल के आगे के अवैध कब्जे भी एक-दो दिनों में हटा दिए जाएंगे।

पंचकोसी यात्रा का रहा पड़ाव स्थल

लोगों का कहना था कि जो कुछ भी यह कब्जा हटाने के लिए शुरू हुआ था वह अच्छा है। इससे यात्रा में सुविधा होगी। यात्रा के दौरान यहां पर पड़ाव होता था। अब यात्री यहां पर ठहर सकेंगे।

नगर निगम की टीम ट्रैक्टर ट्रॉली से पहुंची थी। इसके बाद जेसीबी से अवैध कब्जे को ध्वस्त किया गया। इस दौरान पुलिस बल और दो मजिस्ट्रेट भी मौजूद रहे। इस दौरान किसी तरह की अप्रिय स्थिति न उत्पन्न हो इसके लिए पुख्ता इंतजाम किए गए थे। नगर निगम के अधिशासी अधिकारी ने बताया कि सरकारी भूमि पर बने सभी अवैध कब्जे हटाए जाएंगे। इसके लिए अभियान चलाया जाएगा।

राष्ट्रीय सहारा दिनांक 02.07.2019 पेज नं0–5

कई दुकानदारों का कटा चालान

वाराणसी। नगर आयुक्त के निर्देशानुसार विभिन्न जोनों में सोमवार को प्रतिबंधित पॉलीथीन व गंदगी के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत दशाश्वमेध व मिगरा क्षेत्र में जोनल अधिकारी नेतृत्व में कुल 5300 रुपये जुर्माना तथा दशाश्वमेध क्षेत्र में तीन दुकानदारों का चालान किया गया। इसी प्रकार गोदौलिया, गिरजाघर चौराहे से चेतगंज क्षेत्र में अभियान के अंतर्गत गंदगी फैलाये जाने प्रतिबंधित पॉलीथीन इस्तेमाल किये जाने पर नौ दुकानों से कुल 1800 रुपये जुर्माना वूसल किया गया और तीन दुकानदारों पर चालान की कार्रवाई की गयी। वहीं कोतवाली जोन के जोनल अधिकारी के नेतृत्व में मैदागिन चौक क्षेत्र में 13 दुकानदारों से 1500 रुपये शमन शुल्क वसूल किया गया। भेलूपुर जोन के जोनल अधिकारी एवं प्रवर्तन दल के नेतृत्व में कमच्छ, रथयात्रा महमूरगंज क्षेत्र में अभियान के अंतर्गत पांच दुकानदारों से 13000 रुपये जुर्माना वसूल करते हुये 2.60 किग्रा प्रतिबंधित पॉलीथीन जब्त किया गया।

दिनांक 04.07.2019 पेज 5

कई दुकानदारों पर निगम ने की कार्रवाई

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

वाराणसी।

नगर आयुक्त आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार शहर में चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत बुधवार को भी सभी जोनों में गंदगी फैलाने व प्रतिबंधित पॉलीथीन का इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रही। वरूणापार जोन में सांस्कृतिक संकुल से चौकाघाट ओवरब्रिज तक अभियान चलाया गया जिसमें 23 दुकानों से कुल 18,050 रुपये जुर्माना वसूलते हुए 270 ग्राम प्रतिबंधित पॉलीथीन जब्त किया गया। वहीं मकबूल आलम रोड स्थित चार दुकानदारों का चालान किया गया जिनमें अग्रहरि प्राविजन स्टोर, वसीम वजाज सर्विस सेन्टर, स्वीट केक एन्ड बेकर्स और कृष्णा फूड्स प्रमुख है।

कोतवाली जोन में विशेश्वरगंज मच्छोदरी क्षेत्र में अभियान के अंतर्गत छह दुकानदारों से रुपये 5900 शमन शुल्क वसूल किया गया। इसी प्रकार दशाश्वमेध जोन में सिगरा क्षेत्र में अभियान के अंतर्गत नौ दुकानों से कुल रुपये 3100 जुर्माना वूसल किया गया और चार दुकानदारों पर चालान की कार्रवाई की गयी। वहीं भेलूपुर जोन में अभियान के अंतर्गत पांच दुकानदारों से 19,500 रुपये जुर्माना वसूल किया गया एवं एक किग्रा प्रतिबंधित पॉलीथीन जब्त किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से प्रतिबंधित पॉलीथीन इस्तेमाल पर हरिप्रिया एन्ड संस पर 18000 रुपये का जुर्माना किया गया। आदमपुर जोन में अभियान के अंतर्गत रुपये 2500 शमन शुल्क वसूला गया।

43 दुकानों से 50 हजार जुर्माना वसूला

वाराणसी। नगर निगम ने बुधवार को पॉलिथीन, अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। जोनल अधिकारी पीके द्विवेदी के नेतृत्व में वरुणापार जोन में अभियान चला। इस दौरान मकबूल आलम रोड पर चार दुकानों का चालान किया गया। 23 दुकानदारों से 18 हजार जुर्माना वसूला गया।

निगम ने कई दुकानों का किया चालान

वाराणसी (एसएनबी)। नगर आयुक्त आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देश पर शहर में चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत सोमवार को एक कपड़े के शोरूम समेत कई दुकानों का चालान किया गया। वरूणापार जोन में रुपये 3610 शमन शुल्क वसूल किया गया। कोतवाली जोन में 16 प्रतिष्ठानों से 10,100 रुपये शमन शुल्क वसूल किया गया तथा दो प्रतिष्ठान के विरूद्ध चालान की कार्रवाई की गयी एवं 1120 ग्राम प्रतिबंधित पॉलीथीन जब्त किया गया। वहीं आदमपुर जोनल अधिकारी द्वारा रुपये 5300 शमन शुल्क के रूप में वसूल किया गया तथा 520 ग्राम प्रतिबंधित पॉलीथीन जब्त किया गया। इसी प्रकार दशाश्वमेध जोनल अधिकारी ने रुपये 5900 शमन शुल्क वसूल करते हुए तीन दुकानदारों पर चालान की कार्रवाई की। वहीं भेलूपुर जोनल अधिकारी द्वारा रुपये 8850 जुर्माना वसूल करते हुए एक प्रतिष्ठान ब्लैकबेरी के विरूद्ध चालान की कार्रवाई की गयी।

राष्ट्रीय सहारा दिनांक 11.07.2019 पेज नं0–5

निगम ने कई दुकानदारों से वसूला जुर्माना, चालान

वाराणसी। नगर आयुक्त आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार शहर में चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत बुधवार को कई दुकानदारों पर चालान व जुर्मानें की कार्रवाई की गयी। अभियान के तहत वरूणापार जोन स्थित पहड़िया क्षेत्र में 16 दुकानों से कुल 5400 रुपये जुर्माना वसूला गया तथा दो दुकानदारों से जुर्माना न अदा करने की स्थिति में गोपाल टेन्ट हाउस व देशी शराब के दुकान का चालान किया गया।

कोतवाली जोन स्थित कोतवाली क्षेत्र में अभियान के तहत नौ दुकानदारों से 1850 रुपये शमन शुल्क वसूल किया गया एवं एक दुकानदार का चालान किया गया। इसी प्रकार दशाश्वमेध जोन में प्रवर्तन दल ने गांधीनगर, रथयात्रा, महमूरगंज मार्ग पर अभियान के अंतर्गत गंदगी फैलाये जाने प्लास्टिक पॉलीथीन इस्तेमाल किये जाने पर 10 दुकानों से कुल 2720 रुपये जुर्माना वूसल किया गया। साथ ही वावा बंगाली स्वीट्स से 1.60 किग्रा प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त करते हुए चालान किया गया। आदमपुर जोन में अभियान के अंतर्गत 10 दुकानदारों से 2100 रुपये शमन शुल्क के रूप में वसूला गया एवं 170 ग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त किया गया।

राष्ट्रीय सहारा दिनांक 15.07.2019 पेज नं0 — 4

मंत्री, विधायक व अफसरों ने लगाई जनचौपाल

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

वाराणसी।

जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण हेतु नगर निगम के पांचों जोन कार्यालय पर रविवार को विशेष जन चौपाल लगाई। प्रदेश के सूचना राज्यमंत्री डॉ. नीलकंठ तिवारी पांचों जोन कार्यालय पर जाकर लोगों की समस्याओं से रूबरू हुए। उन्होंने जनचौपाल में प्राप्त प्रार्थना पत्रों से सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों का समस्याओं का निस्तारण शीघ्र सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। राज्यमंत्री ने जिलाधिकारी को नदेसर तालाब अतिक्रमण मुक्त कराने का दिया निर्देश दिया, कहा कि नदेसर तालाब में जल संरक्षण की व्यवस्था की जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की परिकल्पना 'सरकार जनता के द्वार' की मंशा के अनुरूप जनसामान्य की सीवर, सड़क, स्वच्छता, कूड़े की नियमित उठान, जलजमाव, पेयजल, विद्युत आदि बुनियादी सुविधाओं से सम्बन्धित समस्याओं का त्वरित निराकरण एवं निस्तारण कर लोगों को लाभ पहुंचाए जाने के उद्देश्य से प्रदेश के राज्यमंत्री डॉ. नीलकंठ तिवारी के निर्देश पर नगर निगम के पांचों जोन कार्यालयों पर क्षेत्रीय समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु विशेष जन चौपाल का आयोजन संपन्न हुआ। श्री तिवारी स्वयं दशाश्वमेध, कोतवाली, आदमपुर, भेलूपुर एवं वरुणापर सहित पांचों जोन कार्यालयों पर मौजूद रहकर लोगो की समस्याओं से रूबरू हुए तथा शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित कराए जाने हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

विधायक उत्तरी रवीन्द्र जायसवाल एवं जिलाधिकारी सुरेंद्र सिंह वरुणापार जोन कार्यालय पर लोगों की समस्याओं से रूबरू होते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों को निस्तारण का निर्देश दिया। दशाश्वमेध जोन कार्यालय पर मुख्य विकास अधिकारी गौरांग राठी एवं मुख्य राजस्व अधिकारी, आदमपुर जोन कार्यालय पर नगर आयुक्त आशुतोष कुमार द्विवेदी एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), भेलूपुर जोन कार्यालय पर उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण एवं अपर नगर आयुक्त (प्रथम) तथा कोतवाली जोन कार्यालय पर अपर जिलाधिकारी (नगर) एवं अपर नगर आयुक्त (द्वितीय) मौजूद रहकर जनसमस्याओं को सुना तथा त्वरित निस्तारण कराए जाने हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

समस्याओं का मौके पर निस्तारण करने का किया गया प्रयास

कहा-नदेसर तालाब में जल संरक्षण की व्यवस्था की जाएगी

राज्यमंत्री तिवारी ने अधिकारियों को फील्ड विजिट किए जाने पर जोर देते हुए कहा कि इससे समस्याओं का प्रभावी निस्तारण होगा। उन्होंने कहा कि श्रावण मास के दौरान भारी संख्या में कांवरिया और शिव भक्त यहां बाबा श्री काशी विश्वनाथ का दर्शन करने आते है। उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े।

वरुणापार जोनल कार्यालय परिसर में आयोजित जन चौपाल में आये लोगों को जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि एक जुलाई से प्रधानमंत्री जल शक्ति अभियान की शुरुआत हरहुआ में वृक्षारोपण करके कर चुके है। वरुणापार जोन कार्यालय पर वाटर हार्वेस्टिंग का गड्ढा खोद कर विधायक रवीन्द्र जायसवाल, जिलाधिकारी, एडीएम प्रोटोकॉल, एएसडीओ सदर, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने शुभारंभ किया।

दैनिक जागरण
बिन पानी सब सून...
आधा गिलास भरकर पानी
एक छोटी सी पहल काफी होती है समाज में बड़े बदलाव लाने के लिए
www.jagransaatsarokar.com
4
दैनिक जागरण
वाराणसी, 16 जुलाई 2019
www.jagran.com

जल संरक्षित करने के लिए आमजन ने असि घाट पर ली शपथ

नमामि गंगे के सदस्यों ने ध्वनि विस्तारक यंत्र से जल संरक्षण का किया आग्रह मौजूद लोगों को दी गईं जरूरी जानकारियां

'मटका सिर पर लाद कर पानी की आस
चार कोस पैदल चलें, जल की करें तलाश'।

किसी कवि की यह दो पंक्तियां जलसंकट का अहसास कराने के लिए काफी हैं। लोग अपनी महंगी गाड़ियों को धोने में न जाने कितने लीटर पानी बर्बाद कर देते हैं। पीने के लिए लोगों को रोज तीन लीटर व पशुओं को 50 लीटर पानी चाहिए। अब भी कई गांवों में पीने के पानी की उचित व्यवस्था नहीं है। महिलाओं को गांव से मीलों दूर पैदल चलकर पानी लेकर आना पड़ता है। जल है तो जीवन है और जीवन है तो कल है मगर यह कल कैसे सुरक्षित रहे, इसको लेकर बड़ी बहस व बड़े जतन की जरूरत है। घटते संसाधन और बढ़ती जरूरतों के हिसाब से पानी का संचय वक्त की जरूरत के साथ ही जिम्मेदारी भी बन गई है। देश के करीब अस्सी फीसद लोग

अभियान का असर

जागरण संवाददाता, वाराणसी : असि घाट पर सोमवार को जल संचयन के स्वर गूंजे। नमामि गंगे के सदस्यों ने ध्वनि विस्तारक यंत्र से जल संरक्षण का आग्रह किया। असि घाट पर उपस्थित लोगों और घरों तक जल को बचाने की गुहार लगाई गई। जल संरक्षण की शपथ दिलाकर लोगों को दुरुपयोग रोकने के लिए संकल्पबद्ध किया गया।

गंगा जल को प्रदूषित कर रही सामग्रियों को विसर्जित न करने की अपील की गई। रोजमर्रा के घरेलू कार्य व व्यावसायिक वर्ग के लिए जल संरक्षण से जुड़ी जरूरी जानकारियां दी गईं। संयोजक राजेश शुक्ला ने कहा कि बढ़ती आबादी के साथ घटता जल स्तर हमारे लिए चिंता का विषय है। पिछले 2 वर्षों में वाराणसी का जल स्तर 3 से लेकर 7 मीटर तक गिर गया है। आने वाले दिनों में यदि हमने जागरूकता नहीं दिखायी तो पानी के भयावह संकट से जूझना पड़ेगा। इस लिए हमें घर से ही जल बचाने की शुरूआत करनी होगी। वहीं जल स्रोतों को साफ-सुथरा रखने के साथ उनका संरक्षण भी करना होगा। संकल्प लेने वालों में शिवदत्त द्विवेदी, शिवम अग्रहरि, रामप्रकाश जायसवाल, अमन गुप्ता, पायल सोनी, विजय गुप्ता आदि लोग शामिल थे।

असि घाट पर जल संरक्षण का संकल्प लेते नमामि गंगे के सदस्य • जागरण

ध्वनि विस्तारक यंत्र से जागरूक करते नमामि गंगे के सदस्य • जागरण

यहां से मिलीं शिकायतें

- छित्तूपुरा में 12 दिन से पाइपलाइन में लीकेज, एक दर्जन घरों में आपूर्ति ठप।
- महमूरगंज के शील नगर में रावत रेजीडेंसी के पास लीकेज से पानी बर्बाद।
- बुलानाला में सार्वजनिक नल की टोंटी खराब, गिर रहा पानी।
- तुलसी कुआं में पेयजल पाइपलाइन में लीकेज से पानी की बर्बादी।
- खजुरी गोला कालोनी में पेयजल पाइपलाइन में लीकेज से पानी की बर्बादी।
- तेलियाबाग धर्मशाला के आगे पेयजल पाइप में सात दिनों से लीकेज।

दुर्गाकुंड में मशक्कत से दूर हुई समस्या

दुर्गाकुंड पुलिस चौकी के पास लीकेज की समस्या आम हो चली है। आधा गिलास पानी अभियान के दौरान जनता की शिकायत प्रकाशित होने के बाद जलकल ने लीकेज ठीक किया था लेकिन एक बार फिर लीकेज होने पर लोगों ने शिकायत की। सोमवार को जलकल की टीम मौके पर पहुंची व लीकेज दुरुस्त किया। इससे इलाके में ऐयजल आपूर्ति सामान्य हुई।

रवींद्रपुरी में लीकेज मरम्मत शुरू

रवींद्रपुरी में लवे सड़क ऐयजल पाइप में लीकेज हो गया है। इस को फोटो सहित दैनिक जागरण ने आधा गिलास पानी अभियान में प्रकाशित किया। इसके बाद जलकल व जल निगम के लोगो ने संज्ञान लिया और सोमवार को मौके पर पहुचे। लीकेज पाइट पर सड़क की खोदाई शुरू हुई। देर शाम तक लीकेज ठीक करने का काम चलता रहा।

पानी का इंजीनियर

पानी की बर्बादी पर करें शिकायत

- जलकल कंट्रोल रूम 8935000976
- वेबसाइट : jalkalvaranasi.org
- मेल : gmjkvns@gmail.com

'दैनिक जागरण' आपके साथ

यदि आप पेयजल बचाने के लिए अभिनव पहल कर रहे हैं तो 'दैनिक जागरण' के वाट्सएप नंबर 7705994433, 9415202667 व मेल varanasi@vns.jagran.com पर साझा कर सकते हैं। इस पते पर पानी बर्बादी की फोटो भी भेज सकते हैं, जिसे जलकल विभाग के माध्यम से निस्तारित कराने की कोशिश की जाएगी।

पानी की बर्बादी रोकने के लिए आधा गिलास पानी अभियान बेहद कारगर है। पानी की महत्ता सभी को समझनी होगी, ताकि जीवन बचा रहे।

श्रीधर

वाराणसी स्मार्ट सिटी लि0 अन्तर्गत छितौनी ग्राम में पशुओं को रखे जाने हेतु 450 क्षमता का कान्हा उपवन 'गौशाला' का निर्माण किया गया है, जिसमे पशुओं को चारें तथा समस्त प्रकार की व्यवस्था उपलब्ध है–

काशीवार्ता
28 वर्ष
1991-2018
Varanasi
15-07-201

किया जा रहा प्रयास

ढाक के तीन पात साबित हो रहे हैं। कई मार्गों पर चौड़ीकरण अभियान चलाकर यातायात सुचारू करने की व्यवस्था की गयी लेकिन वह भी असफल रहा। इस बीच श्रावण मेला भी नजदीक आ गया है जिसके कारण शहर में यातायात का दबाव दुगना हो जाता है। ऐसे में एसपी लापरवाही संकेतों को अनदेखी से अक्सर जाम की स्थिति बनती है। शहर के कई प्रमुख चौराहों पर लगे कैमरे महज शो पीस बन गये है तो वहीं नियमों की कड़ाई से पालन न कराने के चलते यातायात विभाग पर तरह-तरह के सवाल उठते रहते है।

नगर आयुक्त ने पशु आश्रय गृह का किया औचक निरीक्षण

नियमित स्वास्थ्य जांच का आदेश, होगा वृहद वृक्षारोपण

वाराणसी। शहर से बाहर छितौनी क्षेत्र में बने पशु निराश्रय गृह का आज नगर आयुक्त आशुतोष कुमार द्विवेदी ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को नियमित जानवरों की स्वास्थ्य की जांच, भोजन-पानी की उचित व्यवस्था कराने का आदेश दिया। उन्होंने छितौनी परिसर में वृहद वृक्षारोपण का आदेश दिया। काशीवार्ता प्रतिनिधि से बातचीत में नगर आयुक्त ने बताया कि छितौनी में वर्तमान में 415 पशु मौजूद हैं। उनके स्वास्थ्य, चाय-पानी की व्यवस्था समय से करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि अभी छितौनी में वृक्षारोपण के लिये छह सौ गड्ढे परिसर में खोदे गये हैं। अभी तीन सौ पेड़ और वहां लग सकते है। उसके लिए गड्ढे और खोदने के भी आदेश दिए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों को सख्त आदेश दिया है कि किसी भी पशु के साथ कोई अप्रिय घटना घटित नहीं होनी चाहिए।

सावन में 24 घंटे लगायी जाएगी अभियंताओं की ड्यूटी

वाराणसी। सावन मास में निर्बाध आपूर्ति की तैयारी में बिजली महकमा जुट गया है। कंट्रोल रूम बनाने के साथ ही 24 घंटे अभियंताओं की ड्यूटी

लगाने की कवायद शुरू कर दी गयी है। साथ ही आईपीडीएस के तहत लगाये गये वितरण बाक्स को प्लास्टिक की पन्नी से ढकने को कहा गया है। मुख्य अभियंता मनोज अग्रवाल ने बताया कि सावन की तैयारियों के मद्देनजर शहर के भ्रमण के दौरान जहां-जहां खामियां मिली। उसे दूर करने के लिए संबंधित अभियंताओं को दिशा-निर्देश दिये गये हैं। साथ ही कंट्रोल रूम की स्थापना भी की जाएगी, जहां आठ-आठ घंटे के सिफ्ट में तीन चरण में 24 घंटे अभियंताओं की ड्यूटी लगायी जाएगी।

नगर आयुक्त ने पशु आश्रय गृह का किया निरीक्षण

वाराणसी। पशु आश्रय गृह में पशुओं के साथ हो रहे दुर्व्यवहार की खबर आने के बाद नगर आयुक्त आशुतोष कुमार द्विवेदी ने सोमवार को शहर से बाहर छितौनी क्षेत्र में बने पशु आश्रय गृह का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां पर पशुओं के रखरखाव की स्थिति का जायजा लिया। साथ ही वहां मौजूद अधिकारियों को हिदायत दी कि पशुओं को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो। उनका रूटिन चेकअप कराने से लेकर उनके खानपान की उचित व्यवस्था की जाये। इसके साथ ही उन्होंने वहां पर पौधरोपण करने के लिए भी कहा। उन्होंने कहा कि पशुओं को पीने के लिए पानी और खाने के लिए जो चारा दिया जाये उसकी जांच बराबर की जाये।

राष्ट्रीय सहारा दिनांक 16.07.2019

पेज नं0– 3

ब

अमर उजाला दिनांक 18.07.2019 पेज नं0– 2

रमना में बनेगा सबसे बड़ा वेस्ट टू एनर्जी प्लांट

एनटीपीसी और नगर निगम के बीच हुआ एमओयू, 600 टन कचरे के निस्तारण के लिए 300 करोड़ होंगे खर्च

अमर उजाला ब्यूरो

वाराणसी। देश का सबसे बड़ा वेस्ट टू एनर्जी (कचरे से बिजली) प्लांट वाराणसी में बनाया जाएगा। सावन के पहले दिन बुधवार को एनटीपीसी और नगर निगम के बीच समझौता (मेमोरेंडम ऑफ अंडर स्टैंडिंग) हुआ है। 300 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस प्लांट में प्रतिदिन 600 टन कचरे का निस्तारण हो सकेगा।

नगर निगम की रमना में स्थित जमीन पर एनटीपीसी प्लांट तैयार करेगा। इसमें कूड़े को अलग-अलग कर बिजली, बायो डिग्रेडिबल कचरे से मीथेन और अन्य सिविल कंस्ट्रक्शन मैटेरियल बनाया जाएगा। प्लांट एनटीपीसी की वेस्ट टू एनर्जी विंग संचालित करेगी। इससे पहले सूरत और दिल्ली में भी प्लांट बने हैं। वाराणसी में इंटीग्रेटेड वेस्ट टू इनर्जी का इतनी बड़ी क्षमता का यह पहला इको फ्रेंडली प्रोजेक्ट होगा। इससे शहर में बिजली आपूर्ति करने की योजना है।

मंडलायुक्त सभागार में महापौर मृदुला जायसवाल, कमिश्नर दीपक अग्रवाल, नगर आयुक्त आशुतोष कुमार द्विवेदी, एनटीपीसी जीएम अमित कुमार कुलश्रेष्ठ, एडवाइजर आरके बड़ेरिया, अवनीश गौतम की मौजूदगी में एमओयू हुआ। मंडलायुक्त दीपक अग्रवाल ने बताया कि काशी की स्वच्छता की दिशा में बड़ा कदम है। शहर से निकलने वाले लगभग 600 टन कूड़े का निस्तारण आसानी से हो जाएगा। एनटीपीसी के सहयोग से वेस्ट टू एनर्जी प्रोजेक्ट लगेगा। यह प्लांट इको फ्रेंडली होगा। नगर आयुक्त ने बताया कि प्रोजेक्ट के लिए नगर निगम रमना में जमीन दी जा रही है। कार्य शुरू होने के 30 माह में प्लांट पूरा हो जाएगा।

एमओयू के दस्तावेज दिखाते एनटीपीसी के जनरल मैनेजर अमित कुलश्रेष्ठ (बांए), महापौर मदुला जायसवाल, मंडलायुक्त दीपक अग्रवाल और नगर आयुक्त आशुतोष कुमार द्विवेदी।

पहले से लगे तीन प्लांट चल नहीं रहे

वाराणसी। वेस्ट टू एनर्जी का नया प्लांट भले ही रमना में लग रहा हो, लेकिन पहले से शहर में लगाए गए तीन छोटे प्लांट लगने के बाद आज तक अपनी पूरी क्षमता से नहीं चल सके हैं। इसकी वजह यह है कि शहर में कचरे का निस्तारण सही से नहीं किया जाता है। इससे यह प्लांट आज भी शोपीस बने हुए हैं। शहर के कचरे के निस्तारण के लिए इंडियन ऑयल कंपनी ने अपने सीएसआर फंड से शहर में 10 वेस्ट टू एनर्जी के छोटे छोटे प्लांट लगाने की योजना बनाई। इसमें ट्रायल के रूप में भवनियां पोखरी, पहड़िया मंडी और आईडीएच कॉलोनी कज्जाकपुरा में प्लांट लगाए गए। इसमें गीला कचरा और सूखा कचरा अलग अलग करना था। गीले कचरे से बिजली बनाना था, लेकिन प्लांट तक कभी भी नगर निगम ने गीला और सूखे कचरे का अलग अलग नहीं पहुंचाया। इससे वे प्लांट आज तक सही से नहीं चल पाया। इसको लेकर पिछले नगर आयुक्त नितिन बंसल ने बाकी के प्लांटों को लगाने से मना कर दिया था। इसलिए सात और प्लांट आज तक नहीं बन पाए थे। ब्यूरो

दैनिक जागरण दिनांक 18.07.2019 पेज नं0 5

क्लीन काशी मिशन | एनटीपीसी समना में लगाएगा 300 करोड़ की लागत से प्लांट

कचरे से होगा बिजली का उत्पादन

जास, वाराणसी : कूड़ा से बिजली बनाने (वेस्ट टू एनर्जी) का नया प्लांट लगने जा रहा है। नगर निगम व एनटीपीसी के बीच बुधवार को इसके लिए कमिश्नरी सभागार में एमओयू हुआ। शहर में प्रतिदिन करीब 600 मैट्रिक टन कूड़ा निकलता है। किसी भी बड़े शहर के लिए कूड़ा निस्तारण एक बड़ी चुनौती रहती है।

इसी को ध्यान में रखते हुए समना में तीस माह के भीतर 300 करोड़ का पर्यावरण के अनुकूल कूड़ा निस्तारण प्लांट लगाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए नगर निगम ने समना में जमीन उपलब्ध करा दी है। यहां एनटीपीसी नवीनतम तकनीक पर आधारित देश का पहला बड़ा वेस्ट टू एनर्जी प्रोजेक्ट लगाएगा। जहां शहर में निकले कूड़े से बिजली बनेगी। इसके निर्माण पर व्यय होने वाले 250 से 300 करोड़ रुपये एनटीपीसी लगाएगा।

कार्य शुरू होने के बाद 30 माह में प्लांट पूर्ण होकर संचालित होने लगेगा। कमिश्नर दीपक अग्रवाल ने कहा कि बाबा विश्वनाथ की नगरी में सावन के प्रथम दिन काशी की स्वच्छता व पर्यावरण की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाया गया है। एनटीपीसी के अधिकारियों ने बताया कि प्लांट में कूड़े को अलग करके ज्वलनशील कचरे से विद्युत, जैव कचरे से बायो मिथेन व अन्य

कमिश्नरी सभागार में नगर निगम व एनटीपीसी के बीच वेस्ट टू एनर्जी प्लांट निर्माण को लेकर एमओयू का आदान-प्रदान करते अधिकारी। इस दौरान मौजूद रहे मेयर व कमिश्नर ● जागरण

कचरे से सिविल कंस्ट्रक्शन सामग्री बनेगी। एनटीपीसी में वेस्ट टू एनर्जी की अलग विंग है जो इसे देखती है। सूरत व दिल्ली में प्रोजेक्ट बने हैं। वाराणसी में इंटीग्रेटेड वेस्ट टू एनर्जी का इतनी बड़ी क्षमता का यह पहला प्रोजेक्ट है। महापौर मृदुला जायसवाल ने कहा कि काशी को अच्छा बनाने का हमेशा प्रयास रहा है। एनटीपीसी का सहयोग सराहनीय है। शहर को साफ-सुथरा व ईको फ्रेंडली रखने में यह प्रोजेक्ट महत्वपूर्ण साबित होगा। इस मौके पर नगर आयुक्त आशुतोष कुमार द्विवेदी, जीएम एनटीपीसी अमित कुमार कुलश्रेष्ठ, एडवाइजर आरके बड़ेरिया, डीजीएम (तकनीकी विभाग) अवनीश गौतम आदि मौजूद थे।

दुकानों की हुई जांच, ठोका जुर्माना

जास, वाराणसी : चौकाघाट क्षेत्र में बुधवार को वरुणापार जोनल अधिकारी पंकज द्विवेदी के नेतृत्व में प्रवर्तन दल के साथ 13 दुकानों पर कार्रवाई की गई। प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग व गंदगी करने पर 52 सौ रुपये जुर्माना लगाया गया। मैदागिन, कबीरचौरा, नक्कास में अभियान चलाया गया। आठ दुकानदारों से 32 सौ रुपये शमन शुल्क वसूला गया। इस दौरान डेढ़ किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन भी जब्त की गई।

काशीवार्ता दिनांक 17.07.2019 पेज नं0 – 7

करसड़ा प्लाण्ट के कूड़ा निस्तारण हेतु हुए एमओयू को मीडिया को दिखाते महापौर मृदुला जायसवाल, कमिश्नर दीपक अग्रवाल, एनटीपीसी के महाप्रबंधक अमित कुलश्रेष्ठ, नगर आयुक्त आशुतोष कुमार द्विवेदी व अन्य। छाया-काशीवार्ता/विकास

राष्ट्रीय सहारा दिनांक 23.07.2019 पेज नं0 — 6

शहर हरा-भरा करने में निगम करेगा मदद

वाराणसी। नगर आयुक्त आशुतोष कुमार द्विवेदी ने शहर को हरा-भरा करने के लिए जनता से अपील की है कि वह ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए। यहीं नहीं स्थानों को चिह्नित करें जहां पर पौध रोपण किया जा सके, इसके लिए गड्ढे खोदवाने से लेकर पौधे देने का काम नगर निगम की ओर से किया जायेगा। इससे लोगों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत भी नहीं होगी और शहर में ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण किया जा सकेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अक्सर ऐसा होता है कि लोग पौधे तो लगा देते है, मगर उसकी देखाभाल नियमित न होने के चलते उसका अस्तित्व कुछ ही दिनों में खत्म हो जाता है। ऐसे में जो लोग पौधे लगाये उसकी देखभाल भी नियमित करें। ताकि वह पौधे आगे चलकर वृक्ष का रूप ले सके। इससे न तो केवल पर्यावरण के बिगड़ते असंतुलन को कम किया जा सकेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ी को भी सहेजा जा सकेगा। पौध अगर नहीं लगाये गये तो जिस तरह से मानसून की अनियमितता व पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है उसे कदापि नहीं रोका जा सकेगा। इसके लिए आवश्यक है कि प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा लगाये और उसकी देखाभाल करके उसे वृक्ष का रूप दे।

राष्ट्रीय सहारा दिनांक 27.07.2019 पेज नं0— 6

नगर निगम रोपेगा 1.55 लाख पौधे

वाराणसी (एसएनबी)। एक ही दिन 9 अगस्त, 2019 को इलेक्शन मोड पर 22 करोड़ पौधों का रोपण किये जाने के लिए मुख्य सचिव के आदेश के क्रम में नगर निगम द्वारा अपने निर्धारित लक्ष्य 1.55 लाख पौधों को रोपण करने के लिए शुक्रवार को अपर नगर आयुक्त के कार्यालय कक्ष में इस संबंध में बैठक की गयी।

बैठक में नगर निगम के सभी जोनल अधिकारी, सभी कर अधीक्षक, मुख्य अभियंता एवं सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सभी नगर निगम के पांचों जोन, गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई, जल निगम, एनजीओ, जलकल विभाग आदि के माध्यम से वृहद पौधरोपण की रुपरेखा तैयार की गयी, जिसमें सभी को वृक्षारोपण के

पौधरोपण को सौंपी अफसरों को जिम्मेदारी

निगम देगा निःशुल्क पौधे

लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया जिससे शतप्रतिशत लक्ष्य को पूरा किया जा सके। नगर निगम के सभी सम्मानित नागरिकों से अपील भी करता है वे निर्धारित तिथि पर अधिक से अधिक पौधरोपण करें। पौधों को प्राप्त करने के लिए कोई भी नागरिक नगर निगम के अफसरों से सम्पर्क कर सकते है।

इनसे कर सकते है सम्पर्क : कृपाशंकर पांडेय, उद्यान अधीक्षक मो.न. 8601872661, जगदीश यादव जोनल अधिकारी भेलूपुर मो. न. 8601872657, धर्मराज सिंह यादव, जोनल अधिकारी दशाश्वमेघ मो.न. 8601872654, मनोज कुमार सिंह, जोनल अधिकारी आदमपुर मो.न. 8601004888, पीके द्विवेदी जोनल अधिकारी वरुणापार मो.न. 8601872651 व अरविंद कुमार, जोनल अधिकारी कोतवाली मो.न. 8601872652 पर सम्पर्क कर पौध ले सकते है।

अमर उजाला दिनांक 27.07.2019 पेज नं0 — 2

बदलते बनारस में स्ट्रीट पोल से लेकर लाइब्रेरी तक होगी स्मार्ट

स्मार्ट सिटी की बैठक में अंडर ग्राउंड पार्किंग, कुंडों के सुंदरीकरण और सीसी कैमरे लगाने पर निर्णय

अमर उजाला ब्यूरो

वाराणसी। बदलते बनारस में नागरिक सुविधाओं को बेहतर करने के लिए स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट का दायरा बढ़ाया गया है। मंडलायुक्त दीपक अग्रवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई बैठक में स्ट्रीट लाइट से लेकर लाइब्रेरी तक को स्मार्ट बनाने का निर्णय लिया गया है। शहर में अंडर ग्राउंड पार्किंग, कुंडों के सौंदर्यीकरण और सुरक्षा के लिहाज से सीसी कैमरे लगाने पर सहमति बनी है। नगर निगम के आदमपुर जोनल कार्यालय की खाली पड़ी सवा हजार वर्ग मीटर जमीन पर भू उपयोग के मुताबिक अत्याधुनिक कॉम्प्लेक्स बनाया जाएगा। शहर की बिजली, पानी और सीवर की व्यवस्था स्काडा से जोड़ा जाएगा।

स्मार्ट सिटी परियोजना में शहर में स्मार्ट स्ट्रीट पोल लगाए जाएंगे, इसमें लाइट के साथ ही चार्जिंग, कैमरा और ब्रांडिंग भी कराई जा सकेगी। शहर के लोगों को ऑनलाइन किताबों के लिए ई-लाइब्रेरी की शुरुआत कराई जाएगी। शहर में सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए 600 सीसी कैमरे लगाए जाएंगे और उन्हें सिटी कमांड कंट्रोल सिस्टम से जोड़ा जाएगा। कई चिन्हित जगहों पर हाई मास्क लगाने का फैसला किया गया। इसके अलावा शहर की खूबसूरती बढ़ाने वाले फव्वाड लाइट को भी अन्य हिस्सों में लगाया जाएगा।

स्मार्ट सिटी के बारे में बैठक करते मंडलायुक्त दीपक अग्रवाल। अमर उजाला

शहर के स्कूल बनाए जाएंगे आधुनिक

जिला प्रशासन के स्मार्ट सिटी के तहत शहर के प्राइमरी और माध्यमिक स्कूलों को आधुनिक बनाने के प्रस्ताव को स्मार्ट सिटी में शामिल कर लिया गया है। इसमें जर्जर स्कूलों को ध्वस्त कर उन्हें मार्डन तरीके से विकसित किया जाएगा। इसके अलावा इन स्कूलों में ई लाइब्रेरी, ई क्लास सहित अन्य सुविधाएं भी होंगी।

धीमी गति से चल रही स्मार्ट सिटी की परियोजनाओं को गति देने के लिए मंडलायुक्त दीपक अग्रवाल ने सभी विभागों की बैठक कर उनके कामों की समीक्षा की।

शहर के आठ प्रमुख कुंडों के सौंदर्यीकरण का निर्णय लिया गया। इसमें कुंडों की सफाई से लेकर उसके संरक्षण तक की कार्ययोजना बनाई जाएगी। शहर में छह स्थलों पर अंडरग्राउंड पार्किंग पर चर्चा की गई और जगह आयुक्त, एडसी ट्रैफिक और मजिस्ट्रेट की संयुक्त टीम को स्थलों का निरीक्षण कर कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया गया। इसमें टाउन हाल, वेरिंगबाग में टू लेवल पार्किंग और मछोदरी में अंडरग्राउंड पार्किंग बनाई जाएगी। पार्कों का सौंदर्यीकरण पर सहमति दी गई और घाटों के सौंदर्यीकरण के लिए पायलट प्रोजेक्ट में घाटों पर चल रहे काम के बाद लुक देखकर निर्णय लेने को कहा गया है। शहर में प्रवेश द्वार बनाए जाने के प्रस्ताव पर सहमति नहीं बनी है।

खाली पड़ी जमीन का किया जाएगा उपयोग

आदमपुर जोनल कार्यालय की खाली पड़ी जमीन पर व्यवसायिक और आवासीय डेवलपमेंट किया जाएगा। इसमें भू उपयोग के मुताबिक काम किया जाएगा। प्रारंभिक योजना में इसमें सरकारी आवास के अलावा मल्टी पार्किंग के लिए आवास की योजना है। कॉम्प्लेक्स बनाकर यहां मार्केट विकसित किया जाएगा।

पीएमसी का काम धीमा होने पर मंडलायुक्त की फटकार

स्मार्ट सिटी को सलाहकार कंपनी पीएमसी का काम बहुत धीमा पाया गया। मंडलायुक्त दीपक अग्रवाल ने समीक्षा के दौरान उनके कामों की धीमी प्रगति पर फटकार लगाई और उन्हें कार्यशैली में सुधार की चेतावनी दी है। एक महीने में काम में उम्मीद प्रगति नहीं होने पेटीग सहारी विकास मंत्रालय को पत्र लिखा जाएगा। सायक के चलते गोदौलिया में निर्माणाधीन टू लेवल पार्किंग का काम रोका गया है।

स्मार्ट सिटी की बैठक में पार्किंग, कुंडों व पार्कों का सौंदर्यीकरण और स्मार्ट पोल पर निर्णय लिया गया है। इसके लिए पूरी कार्ययोजना बनाकर काम कराने का निर्देश दिया गया है। सभी अधिकारियों को जिम्मेदारी तय की गई और काम में लापरवाही पर कार्रवाई की जाएगी।

–दीपक अग्रवाल, मंडलायुक्त

दैनिक जागरण दिनांक 27.07.2019 पेज नं0 — 3

पेयजल आपूर्ति की ऑनलाइन निगरानी

शहर में जाम की समस्या कम करने को मल्टी लेवल पार्किंग निर्माण पर जोर

जागरण संवाददाता, वाराणसी : वाराणसी को स्मार्ट सिटी बनाने की कवायद के तहत शुक्रवार को कमिश्नर दीपक अग्रवाल ने मंडलायुक्त सभागार में विकास परियों की समीक्षा की। स्मार्ट सिटी बोर्ड की बैठक में नगर निगम, विकास प्राधिकरण, पर्यटन विभाग समेत अन्य विभागों के अफसर मौजूद थे। बैठक में पेयजल की ऑनलाइन ट्रैकिंग प्रणाली से जोड़ने पर सहमति बनी। मकसद एक ही है कि काशीवासियों को शुद्ध पानी मिले। जहां समस्या लगा वहां पानी की आपूर्ति पर नजर रखी जाए।

बिजली विभाग के अफसरों को निर्देशित किया कि समाड तकनीक का इस्तेमाल कर नगरीय विद्युत आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त करें। कमिश्नर ने कहा कि नगर के चौड़े और लाइक का सुंदरीकरण कराया जाए। नगर आयुक्त आशुतोष कुमार द्विवेदी ने कमिश्नर को अवगत कराया कि स्मार्ट सिटी के तहत 10 तालाबों को सुंदरीकरण के लिए चयनित किया गया है। सुंदरीकरण पर खासा खर्चा आ रहा है। कमिश्नर ने इसका भी सस्ता सहारा जाम के समाधान पर मल्टी लेवल पार्किंग को लेकर चर्चा की। बैठक में तय हुआ कि खाली स्थानों पर ग्राउंड स्टोरी पार्किंग निर्माण कराया जाएगा। गोदौलिया में निर्माण विभाग की ओर से विभागीय कार्य प्रगति पर है। अन्य पांच स्थलों के निर्माण का प्रस्ताव बनाया गया है। हालांकि इसमें कुछ व्यवसायी हैं जिनके जल्द दूर कर लिया जाएगा।

मंडलायुक्त कमिश्नर में स्मार्ट सिटी की योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर बैठक की। कमिश्नर दीपक अग्रवाल

बैठक

- **नगरवासियों को शुद्ध पानी देने के लिए प्रयासरत रहे विभाग निगम**
- **तालाबों और कुंडों का भी किया जाएगा सुंदरीकरण**

कैंट स्टेशन पर स्मार्ट सिटी के तहत लगेंगे दो एलईडी

कैंट स्टेशन को स्मार्ट बनाने के लिए स्मार्ट सिटी के अफसरों ने कैंट स्टेशन पर पावर के बिन और द्वितीय प्रवेश द्वार की पानी की टंकियों का फायाकल्प करने का फैसला किया। इनमें काशी की संस्कृति को झलकाते हुए खूबर फलाकृतियां रंगों के जरिए उकेरी जाएंगी। इसके अलावा द्वितीय मुख्य प्रवेश हॉल से यात्रिक डिजाइन के उत्तरि आकर्षक रूप देने की कोशिश की जाएगी। इसी तरह प्लेटफॉर्म संख्या और स्टेशन से बाहर की तरफ नए यात्रियालय शेड पर दो एलईडी लगाए जाएंगे। इनकी मदद से यात्रियों को देशी की जानकारी सकुलेटिंग एरिया से भी मिल सकेगी। जबकि स्मार्ट सिटी द्वारा पूरे में ही स्मार्ट यूनिपोल लगाना प्रस्तावित है।